| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 74.40 | 57.18 | 69.10 | 247.23 | 222.47 | 298.61 | 196.12 | 251.32 | 96.01 | 525.67 | 309.56 | 512.7 |
| 6 | Equity Share Capital | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 | 255.00 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year | - | - | - | - | - | 2,738.64 | - | - | - | - | - | 2835.20 |
| 8 | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | | | | | | | |
| | Basic (in Rs.) | 2.77 | 2.55 | 2.59 | 9.70 | 9.11 | 11.97 | 7.54 | 10.16 | 3.64 | 20.62 | 12.53 | 20.03 |
| | Diluted (in Rs.) | 2.77 | 2.55 | 2.59 | 9.70 | 9.11 | 11.97 | 7.54 | 10.16 | 3.64 | 20.62 | 12.53 | 20.03 |

**NOTES:**

(i) The above results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards ('Ind AS') notified under section 133 of the Companies Act, 2013, read together with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015.
(ii) The Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for nine months ended December 31, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on February 14, 2020. The same have also been subjected to Limited Review by the Statutory Auditors.
(iii) The above Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for the nine months ended December 31, 2019 are available on the website of BSE Limited (www.bseindia.com) and on the website of the Company (www.whbrady.in).
(iv) The figures of quarter ended December 31, 2019 is difference between nine months ended December 31, 2019 and Six month ended September 30, 2019.
(v) Previous Period's Year's figures have been regrouped and reclassified, wherever necessary.

For W. H. Brady & Co. Ltd.
Sd/-
Pavan G Morarka
Chairman & Managing Director
DIN: 00174796

**Place:** Mumbai
**Date :** 14.02.2020

epaper.freepressjournal.in

## एक नजर

### सूने मकान में घुसे चोर

इंदौर। रजनीश पिता दीनदयाल चौबे निवासी परस्पर नगर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर 5 लाख के जेवरात और नकदी चुराकर ले गए। इंजीनियर रजनीश चौबे के मुताबिक वह परिवार सहित 11 फरवरी को रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी में बाहर गया हुआ था। संत नगर निवासी अरुण पिता हुकम चंद कुशवाहा के यहां चोरी की घटना हुई। उसके मुताबिक चोर 2 लाख के सोने चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। अरुण ने बताया कि परिवार सहित कल सुबह उज्जैन गए थे दोपहर दो बजे लौटे तो चोरी का पता चला।

### एक्टिवा की टक्कर से घायल

इंदौर। तेज रफ्तार एक्टिवा की टक्कर से दो बच्चियां घायल हो गईं। हादसा नवीन नगर मे हुआ। यहां पूजा गिरी की 8 वर्षीय बेटी कृतिका व देवर की 1 वर्षीय बेटी भाव्या घर सामने खेल रही थी। तभी वहां आए तेज रफ्तार एक्टिवा चालक ने बच्चियों को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चियां बुरी तरह घायल हो गईं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने एक्टिवा चालक पर केस दर्ज किया है।

### हथियार सहित पकड़ाए

इंदौर। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए हथियार लेकर घूम रहे बदमाशों को गिरफ्तार किया। कनाडिया पुलिस ने सुरेश पिता कन्हैया लाल चौहान से तलवार कमलेश पिता किशन से चाकू और गोपाल पिता बसंत से गुप्ति बरामद की है। इसी प्रकार सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने राजेश वर्मा और शुभम चौहान को पकड़ा उनके पास से तलवार और चाकू बरामद किए हैं।

### दुकान में घुसकर हमला

इंदौर। विजय नगर पुलिस ने मुकेश उर्फ तात्रिक यादव की रिपोर्ट पर सलमान और चांद खां के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुलजिमों ने दुकान में घुसकर हमला कर दिया और डंडों से पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# धोखाधड़ी में पकड़ाए बसपा जिलाध्यक्ष की मौत

## जेल में बिगड़ी थी तबियत, परिजनों ने परेशान करने का आरोप लगाया

इंदौर। करोड़ों की जमीन की धोखाधड़ी के मामले में पकड़ाए बसपा अध्यक्ष सुरेश यादव की बड़े अस्पताल में मौत हो गई है। आरोप है कि उसे परेशान किया जा रहा था और इलाज के लिए देरी से भर्ती कराया गया था।

दस दिन पहले एसटीएफ की टीम ने महू के गोल्डन फारेस्ट की अरबों रुपए की जमीन के घपले के मामले में बसपा के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव (73), तिलक नगर को गिरफ्तार किया था। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी, जिसमें राजू गाइड का रोल भी सामने आया था। यादव का रिमांड खत्म होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे सेंट्रल जेल भेज दिया था। दो-तीन दिन से सुरेश यादव की तबीयत खराब चल रही थी। उसके सीने में दर्द था, लेकिन तबीयत जब ज्यादा खराब हुई, तो 12 फरवरी को बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार की सुबह मौत हो गई।

जेल अधिकारी लक्ष्मणसिंह भदौरिया ने बताया कि 8 फरवरी को यादव जेल लाया गया था और उसकी तबीयत खराब होने पर जांच भी कराई गई थी। जब हालत बिगड़ी तो अस्पताल रैफर कर दिया था। न्यायिक जांच के लिए पत्र लिख दिया है।

### एसटीएफ पर भी आरोप लगाया

बेटे नितिन यादव का आरोप है कि एसटीएफ के अधिकारियों ने बीमार होने के बाद भी पिता को जमीन की धोखाधड़ी के केस में साजिश के तहत फंसाया। पिता के खिलाफ केस नहीं बनाने के एवज में उन्होंने 20 लाख रुपए की मांग की थी। नहीं देने पर उन्होंने उन्हें बिना किसी सबूत के पकड़ा। एसटीएफ ने कहा था कि इनके पास से चेक, जमीन के कागज मिले हैं। तहसीलदार से मिलीभगत कर कागजों की हेराफेरी भी की है, लेकिन अब उनके पास कोई सबूत नहीं हैं। जिस समय पिता को पकड़ा गया, उनकी हड्डी में दिक्कत थी, पैर में भी चोट थी। एमवाय में मेडिकल के दौरान डॉक्टरों ने शुगर लेवल बढ? पर एडमिट करने को कहा था। लेकिन डॉक्टरों की बात पर ध्यान दिए बिना वे पिता को लेकर चले गए और रातभर यहां-वहां घुमाते रहे। अगले दिन जेल भेज दिया। जेल से भी जांच के लिए लेकर आए, लेकिन भर्ती नहीं किया।



# सिक्योरिटी संचालक की संदिग्ध हालत में लाश मिली

## परिजन ने हत्या की आशंका जताई

इंदौर। बायपास स्थित मालवा कॉलेज के पास शनिवार सुबह एक सिक्योरिटी संचालक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि युवक को किसी बिल्डर से करीब 18 लाख रुपए लेने थे। वहीं, पुलिस के अनुसार प्रारंभिकतौर पर हार्ट अटैक से मौत होना लग रहा है।

पुलिस के अनुसार लसूड़िया थाना क्षेत्र के बायपास स्थित साकार सिटी, मालवा कॉलेज के पास शनिवार सुबह सिक्योरिटी संचालक दिनेश कुमार मिश्रा की लाश मिली। वे रात में गार्ड की जगह खुद ड्यूटी करने आए थे। रात में वे सोए, सुबह गार्ड ने उठाया, लेकिन वे नहीं उठे। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। वे मूलतः यूपी के रहने वाले थे, यहां परिवार के साथ स्कीम नंबर - 78 में रहते थे। पुलिस का कहना है कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

मृतक के भाई लवलेश मिश्र ने आरोप लगाया कि भाई बिल्डर के यहां सिक्योरिटी संचालित कर रहे थे। बिल्डर ने साढ़े तीन साल से रुपए नहीं दिए हैं, उससे 18 लाख रुपए से ज्यादा की लेनदारी है। शुक्रवार को बिल्डर ने फोन पर कहा कि एक रुपए नहीं दूंगा, ज्यादा बात की तो तेरा मर्डर करवा दूंगा। तुझसे जो बन पड़े कर ले। ये पूरी बातें उन्होंने अपने बच्चों को मैसेज में बताई थी। सिक्युरिटी गार्ड को रुपए नहीं देने पर वे रात में खुद ड्यूटी करने आए थे। बिल्डर ने कहा था कि यदि प्वाइंट पर कोई चोरी हुई तो तुझ पर पूरी बात डालूंगा। इसी से डरकर वे खुद रात में ड्यूटी करने आए थे। भाई ने बताया कि बिल्डर के बंगले, कॉलोनी सहित सभी जगह पर इनके ही गार्ड लगे हुए थे। इनके पास 100 से 150 गार्ड हैं, जिन्हें ये बिल्डर से रुपए नहीं मिलने के बाद भी उधर लेकर वेतन दे रहे थे।

# बच्चे पास में सोते रहे और पिता ने गला काटकर जान दे दी

## 8 साल पहले पत्नी ने भी की थी आत्महत्या

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने ब्लेड से गला काटकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी सुबह बच्चों ने पड़ोसी को दी। बताया जा रहा है कि युवक 8 साल से बेरोजगार था जिसके चलते काफी दिनों से परेशान था। घटना की रात युवक अपने बच्चों के साथ खाना खाया और रात को बच्चों के साथ सो गया था। सुबह बच्चों की नींद खुली तो पिता को लहूलुहान देखकर बच्चे घबराते हुए पड़ोसी को बताया। घटना की सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

पुलिस ने युवक के आत्महत्या को लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पुलिस के अनुसार अभी घटना को लेकर पुछताछ की जा रही। जांच के बाद मामले की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। हालांकि घटना को देखने से ऐसा लग रहा कि युवक ने रात में ही ब्लेड से खुदकुशी की थी। पीएम के लिए शव को भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट जानकारी मिलेगी। हालांकि पुलिस ने परिवार के अन्य सदस्यों को युवक के मरने की सूचना दे दी है।

पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक उमा शंकर चौधरी, एरोड्रम थाना क्षेत्र का निवासी है। पिछले 8 सालों से बेरोजगारी के चलते परेशान चल रहा था। कुछ साल पहले ही मृतक युवक के पत्नी की मौत हुई थी। बच्चों के अनुसार पिता रात को एक साथ खाना खा कर सोए थे। सुबह नींद खुलने पर बच्चों ने खून से लथपथ पिता को देखकर, पड़ोसी को बताया। वहीं आसपास के लोग घटना को लेकर हत्या की भी आशंका जता रहे हैं। लेकिन पुलिस के अनुसार हत्या के कोई सुराग नहीं मिले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ाया

इंदौर। टहलने निकली लड़की को अगवा कर शादी के बहाने बलात्कार करने वाले मुलजिम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले माता-पिता ने रिपोर्ट दर्ज की थी कि 13 फरवरी नकी बेटी घर से घूमने निकली थी। उसे राहुल उर्फ शेरसिंह जुझारसिंह (30) निवासी इदरीश नगर मूसाखेड़ी अगवा कर ले गया। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। टीआई संजय शर्मा, उपनिरीक्षक प्रियंका अलावा, सिपाही कल्लू राठौर और अमित तिवारी ने मुलजिम को गिरफ्तार कर लिया। लड़की भी मुलजिम के क?जे से मिल गई। उसका मेडिकल कराया तो रेप की बात सामने आई।

# पूर्व पार्षद की भतीजी ने लगाई फांसी

इंदौर। पूर्व पार्षद की भतीजी ने शनिवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता के काम पर जाने के बाद वह घर की सीढ़ियों पर साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। बेटी द्वारा फांसी लगाए जाने से उसके परिजन भी हैरान हैं। उनके अनुसार उन्हें भी समझ नहीं आ रहा है कि उसने यह कदम क्यों उठाया।

पुलिस के अनुसार उषा नगर की रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वारदात के समय वह घर पर अकेली थी। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसने यह कदम क्यों उठाया इसका पता लगाया जा रहा है। मृतका के ताऊ पूर्व पार्षद रह चुके हैं।

मृतका के ताऊ और पूर्व पार्षद ने बताया कि उसने सुबह बोरिंग से पानी भरा था। सुबह पिता होटल चले गए और मां भी काम के सिलसिले में नीचे आ गई। दोपहर में वह अकेली थी, इसी समय घर की सीढ़ियों पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसने 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। उसने जान क्यों दी यह हमें भी समझ नहीं आ रहा है।

# सरेराह महिला को बाल पकड़कर घसीटा

इंदौर। मूसाखेड़ी में रहने वाली एक महिला के साथ एक युवक ने अश्लील हरकत की। इसके साथ ही बहन और पत्नी को बुलवाकर महिला को खूब पिटवाया। आसपास के लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। महिला ने मामले में आजाद नगर थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। फरियादी महिला ने पुलिस को बताया कि मूसाखेड़ी में रहने वाले मूलचंद खेड़ेकर ने अपनी बहन व पत्नी उषा को बुलाकर मेरे साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मुझे सभी के सामने पीटा। इसके बाद मूलचंद ने मेरे बाल पकड़े और सभी के सामने मेरे साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीनों पर अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### छेड़ा, विरोध किया तो जान से मारने की धमकी

इधर चंदन नगर पुलिस ने भी कल छेड़छाड़ का एक प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंची और प्रकरण दर्ज कराया। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि एयरपोर्ट रोड पर रहने वाला हेमंत गौड़ जबरर्दस्ती मेरे घर में घुसा और मेरी लडकी का बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। इसके बाद वह उससे अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने लगा। बेटी ने विरोध किया तो उसे जबरर्दस्ती ले जाने लगा और जान से मारने की धमकी दी।

# बॉबी से रिमांड के दौरान डीआईजी ने की पूछताछ

## पुलिस लगा रही मदद करने वालों का पता

इंदौर। जमीन की धोखाधड़ी, अवैध निर्माण समेत कई अन्य मामलों के आरोपी बॉबी छाबड़ा को पुलिस ने कल गिरफ्तार किया। कुख्यात भूमाफिया बॉबी छाबड़ा पर जमीन अवैध कब्जा, अवैध निर्माण समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने बॉबी छाबड़ा पर पहले इनामी राशि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रूपए कर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को ही उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से 19 फरवरी तक रिमांड मिला है। रिमांड के दौरान कल रात डीआईजी रूचिवर्धन मिश्र ने भी बॉबी से खजराना थाने में पूछताछ की। बताया जाता है कि पुलिस बॉबी की फरारी के दौरान मदद करने वालों और उसके साथियों का पता लगा रही है। इन पर भी पुलिस शिकंजा कसेगी।

भू माफिया बॉबी छाबड़ा के खिलाफ सरकारी जमीनों की धोखाधड़ी, जालसाजी के कई मामले 10 साल पहले पुलिस-प्रशासन द्वारा दर्ज कराई गई थी। बताया जा रहा है कि बॉबी छाबड़ा हाउसिंग सोसायटी में नए लोगों को प्लाट देने, सोसायटी की जमीन बेचने समेत अन्य मामलों में पुलिस ने केस दर्ज किए थे। सहकारिता विभाग के अफसर भी बॉबी के खिलाफ हाउसिंग सोसायटी की जमीन पर अवैध कब्जा, अवैध निर्माण के आरोप में केस दर्ज कराने गए थे।

डीआइजी रुचिवर्धन मिश्र ने फरार आरोपियों का इनाम बढ़ाते हुए इनकी तलाश तेज करने के भी निर्देश दिए थे। पूर्व में भी जमीन की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हो चुके बॉबी छाबड़ा पर माफिया अभियान के दौरान भंवरकुआं, कनाडिया और रावजीबाजार थाने में धोखाधड़ी के केस दर्ज हुए हैं। जमीन पर अवैध कब्जे करने और अवैध निर्माण करने सहित तीन मामलों में लंबे समय से पुलिस टीम कुख्यात भूमाफिया बॉबी छाबड़ा की तलाश कर रही थी। कल बॉबी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे रिमांड पर लेकर उसकी फरारी के दौरान मदद करने वालों तथा जमीनों की धोखाधड़ी में साथ देने वालों की तलाश में जुटी है। रात में डीआईजी रूचिवर्धन मिश्र ने भी बॉबी से धोखाधड़ी के संबंध में पूछताछ की। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने यह खुलासा नहीं किया है अभी तक तक की पूछताछ में बॉबी ने क्या राज उगले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि उसका साथ देने वालों पर भी जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

# अब पंढरीनाथ क्षेत्र में लगे निशान

इंदौर। सरवटे टू गंगवाल सड़क के लिए नगर निगम ने पिछले दिनों रावजी बाजार क्षेत्र में कार्रवाई की थी हालाकि अब गौतमपुरा सरकारी स्कूल से लेकर पंढरीनाथ इलाके तक बाधक मकान तथा दुकानों को लेकर निशान लगाने की कार्रवाई भी पूरी हो गई है। इस इलाके में सड़क की जद में आने वाली करीब 25 से ज्यादा मकान-दुकानों पर निशान लगाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अभी निशान लगाने की कार्रवाई जारी रहेगी तथा नोटिस देने के बाद जल्द ही इनको तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार दो दिन पहले ही हाथीपाला चौराहा रावजी बाजार में बाधक मकानों के हिस्से हटाए थे। इस दौरान सेंटर लाइन को लेकर काफी विवाद की स्थिति बन गई थी जिसके बाद निगम की टीम को वापस लौटना पड़ा। शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारी ओपी गोयल व अन्य अधिकारियों की टीम ने गौतमपुरा स्कूल से लेकर पंढरीनाथ तक के क्षेत्र का दौरा किया तथा निशान लगाने के लिए निर्देश दिए। निर्देश मिलने के बाद कर्मचारियों ने निशान लगाए जिसके चलते यहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। हालाकि इस दौरान लोग सेंटर लाइन को लेकर लगातार अधिकारियों से सवाल कर रहे हैं। पंढरीनाथ मंदिर से गौतमपुरा जाने वाले मार्ग के एक छोर में गोपाल मंदिर ट्रस्ट की दुकाने भी है जो बाधक है तथा निगम द्वारा हटाई जाएगी।

### हर दिन बढ़ता जाएगा महाकाल एक्सप्रेस का किराया

इन्दौर। आज वाराणासी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी-इन्दौर महाकाल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन सोमवार को इन्दौर आ जाएगी। इस ट्रेन को इन्दौर से खाली रैक के रूप में रवाना किया जाएगा और फिर 20 फरवरी को नियमित फेरे के रूप में भेजा जाएगा। 21 फरवरी शिवरात्रि से यह ट्रेन इन्दौर से नियमित चलने लगेगी। आईआरसीटीसी इस ट्रेन का संचालन करेगा। इस ट्रेन को स्पेशल किराये की श्रेणी में डाल दिया है, यानि जैसे-जैसे सीटें भरती जाएंगी वैसे-वैसे किराया भी बढ़ता जाएगा। रेलवे अपना घाटा पूरा करने के लिए इसके पहले स्पेशल ट्रेन स्पेशल किराये में संचालित कर चुका है और अब काशी-महाकाल एक्सप्रेस को भी स्पेशल किराये में डाल दिया गया है।

In The Court Of I Civil Judge Class-II, District Court, Indore
Pressiding Officer डॉ. गौरव गर्ग
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS अ/0000118/2020)

शोभा सोनोने ....वादी
(V/s)
सर्वसाधारण ...प्रतिवादी
Process ID-/2020
पेशी दिनांक 28.02.2020

प्रेषिती
(1) सर्व साधारण पता-

यह कि प्रार्थी शोभा सोनोने ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।

यह आज तारीख 31 January 2020 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(डॉ. गौरव गर्ग)
प्रथम सिविल न्यायाधीश वर्ग-2
इंदौर (मप्र)

कृपया ध्यान दे
1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

Form No. INC-26
[Pursuant to rule 30 the Companies (Incorporation) Rules, 2014]
Before the Central Government
Central Region

In the matter of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of **RAJ RAJESHWARI FASHIONS PRIVATE LIMITED**
**(CIN: U18101MP2002PTC015392)** having its registered office situated at **298/3, Ram Krishna Garden, Near Mali Petrol Pump, Indore (M.P.),**
...Petitioner

Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra ordinary general meeting held on **Wednesday, 05/02/2020** to enable the company to change its Registered Office from **"State of Madhya Pradesh" to "State of Gujarat".**

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver **either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing investor complaint form** or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the the Regional Director, Central Region, at the address A Block, Sanjay Complex, 3rd Floor, Jayendra Ganj, Gwalior - 474009 within fourteen days of the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office at the address mentioned below:

298/3, Ram Krishna Garden, Near Mali Petrol Pump, Indore

**For and on behalf of the Petitioner -**
**Raj Rajeshwari Fashions Private Limited**
Sd/-
**Mr. Arun Agarwal**
**(Director)**
**(DIN: 00039016)**

**Date:05/02/2020**
**Place: Indore**

**BIOFIL CHEMICALS AND PHARMACEUTICALS LTD.**
**CIN: L24233MP1985PLC002709**
**Regd. Office :** 11/12, Sector-E, Sanwer Road Industrial Area, **Indore**-452015 (M.P.)
**Tel.:** 0731-2426718,2723016-17 | **Email:** bcplcompliance@gmail.com | **Website:** www.biofilgroup.net

**Extract of Statement of Un Audited Financial Results for the Quarter and Nine month Ended December, 31, 2019 {Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015}**
(Rs. In lakhs Except Earning Per Share)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31.12.2019 Unaudited | Quarter Ended 31.12.2018 Unaudited | Nine Month Ended 31.12.2019 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue From Operations | 1284.06 | 1431.42 | 2610.83 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax before Exceptional and/or Extraordinary items) | 22.94 | 29.31 | 105.96 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 22.94 | 29.31 | 105.96 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 22.94 | 29.31 | 105.96 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit for the period (after Tax) and Other Comprehensive Income (OCI) after tax} | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 1627.38 | 1627.38 | 1627.38 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: | 0.14 | 0.18 | 0.65 |
| | 2. Diluted: | 0.14 | 0.18 | 0.65 |

**NOTES :** The above is an extract of the detailed format of the Un-Audited Financial Results for the Quarter and nine month ended Dec 31,2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement ) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the Quarter and Nine month ended December 31, 2019 is available on the website of the Company **www.biofilgroup.net** and stock exchanges **(www.bseindia.com . & www.nseindia.com)**

On behalf of the Board of Directors
**For : Biofil Chemicals and Pharmaceuticals Ltd.**
Sd/-
**Ramesh Shah**
(Chairman & Managing Director)
DIN : 00028819

Date : 14/02/2020
Place : Indore

C/o/n/v/e/y-Ad

**JASH**
**JASH ENGINEERING LIMITED**
CIN: L28910MP1973PLC001226
Reg Add: 31, Sector-C, Sanwer Road, Industrial Area, Indore 452015, Madhya Pradesh, India
Phone:- 0731-6732700 Email:- info@jashindia.com, Website:- www.jashindia.com

**Extract of The Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31,2019**
(Rs. In Lakhs Except for EPS)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 31-Dec-2019 Unaudited | Quarter Ended 30-Sep-2019 Unaudited | Quarter Ended 31-Dec-2018 Unaudited | Nine Months Ended 31-Dec-2019 Unaudited | Nine Months Ended 31-Dec-2018 Unaudited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operation | 7,708.55 | 5,798.31 | 6,025.19 | 19,327.52 | 17,027.21 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 994.02 | 440.15 | 131.59 | 1,508.08 | 218.74 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for period after tax | 739.76 | 267.85 | 76.05 | 1,002.16 | 130.53 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 773.30 | 201.69 | (0.99) | 1,003.41 | 119.63 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.10/- each | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised ) | 6.25 | 2.26 | 0.64 | 8.47 | 1.10 |
| | b) Diluted (not annualised ) | 6.25 | 2.26 | 0.64 | 8.47 | 1.10 |

**Extract of The Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine months ended December 31,2019**
(Rs. In Lakhs Except for EPS)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 31-Dec-2019 Unaudited | Quarter Ended 30-Sep-2019 Unaudited | Quarter Ended 31-Dec-2018 Unaudited | Nine Months Ended 31-Dec-2019 Unaudited | Nine Months Ended 31-Dec-2018 Unaudited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operation | 5,638.60 | 4,757.82 | 5,011.34 | 14,779.14 | 13,729.06 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 1,022.20 | 537.48 | 385.95 | 1,851.44 | 846.66 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for period after tax | 806.53 | 400.30 | 345.89 | 1,432.29 | 810.79 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period | 804.45 | 398.18 | 342.11 | 1,426.05 | 799.94 |
| 5 | Paid-up Equity Share capital (Face value per share Rs.10/- each | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 | 1,183.66 |
| 6 | Earning per share | | | | | |
| | a) Basic (not annualised ) | 6.81 | 3.38 | 2.92 | 12.10 | 6.85 |
| | b) Diluted (not annualised ) | 6.81 | 3.38 | 2.92 | 12.10 | 6.85 |

Note :1. The above financial result review by the audit committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors at their meeting held on 14th February 2020.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Nine Months Result filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Discolsure Requirments) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly and Nine months Financial Results are avaliable on the Stock Exchange website viz. www.nseindia.com. The same is also available on the Company website viz.www.jashindia.com

**By Order of the Board**
**For Jash Engineering Limited**
**Sd/-**
**Pratik Patel**
**Managing Director**
**DIN - 00780920**

**Place: Indore**
**Date: 14/02/2020**